आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :260 पृष्ठ –4 दिनांक सोमवार 16 सितम्बर 2024

# सीएम योगी का दो दिवसीय वाराणसी दौरा आज, सितंबर महीने में दूसरा काशी दौरा

सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को वाराणसी के गदौलिया पर स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे.

## 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन इस बरस पीएम 74 बरस के हो जाएंगे




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 और 17 सितंबर को वाराणसी दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वह वाराणसी के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था और विकास परियोजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे. इसके अलावा वाराणसी के गदौलिया क्षेत्र में वह प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यक्रम में भी शामिल होंगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सितंबर महीने में यह दूसरा काशी दौरा है.16 सितंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर बाद वाराणसी पहुंचेंगे. इसके बाद वह सीधा वाराणसी के सर्किट हाउस पहुंचेंगे जहां पर प्रशासनिक अधिकारियों व अलग–अलग विभागीय अधिकारियों के साथ विकास परियोजना व जनपद के कानून व्यवस्था को लेकर अहम बैठक करेंगे. इसके अलावा वाराणसी के विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए भी सीएम योगी आदित्यनाथ जाएंगे. स्वच् छता अभियान में जुड़ेंग साथ ही मुख्यमंत्री वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और काशी कोतवाल का भी दर्शन पूजन करेंगे. सीएम योगी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को वाराणसी के गदौलिया पर स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे. सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी के गंगा और वरुणा तटवर्ती इलाकों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भी निरीक्षण करने के लिए जा सकते हैं.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सितंबर महीने में यह दूसरा काशी दौरा है. इससे पहले 1 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के लालपुर स्थित टीएफसी सेंटर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यशाला से जुड़े कार्यक्रम में पहुंचे थे. ऐसे में 16 और 17 सितंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ का दो दिवसीय वाराणसी दौरा

16 सितंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर बाद वाराणसी पहुंचेंगे. इसके बाद वह सीधा वाराणसी के सर्किट हाउस पहुंचेंगे जहां पर प्रशासनिक अधिकारियों व अलग–अलग विभागीय अधिकारियों के साथ विकास परियोजना व जनपद के कानून व्यवस्था को लेकर अहम बैठक करेंगे. इसके अलावा वाराणसी के विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए भी सीएम योगी आदित्यनाथ जाएंगे. स्वच्छता अभियान में जुड़ेंगे साथ ही मुख्यमंत्री वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और काशी कोतवाल का भी दर्शन पूजन करेंगे. सीएम योगी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को वाराणसी के गदौलिया पर स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे. सूत्रों केअनुसार मिली जानकारी के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी के गंगा और वरुणा तटवर्ती इलाकों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भी निरीक्षण करने के लिए जा सकते हैं.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सितंबर महीने में यह दूसरा काशी दौरा है. इससे पहले 1 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के लालपुर स्थित टीएफसी सेंटर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यशाला से जुड़े कार्यक्रम में पहुंचे थे. ऐसे में 16 और 17 सितंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ का दो दिवसीय वाराणसी दौरा विभागीय अधिकारियों के बैठक के साथ–साथ प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है.।

## चीखने के आवाजें, धूल से भर गया था आसमानश, चश्मदीदों जुबानी,



मेरठ के जाकिर नगर में तीन मंजिला मकान जिस तरह भरभराकर गिरा, उसकी धमक से आज भी लोग सहमे हैं, उनकी आँखों से वो भयावह मंजर जाने का नाम नहीं ले रहा है जब तेज धमाके के साथ पूरा मकान धराशायी हो गया और चारों तरफ धूल के गुबार उड़ रहे थे. इलाके में कुछ पलों के लिए अंधेरा सा छा गया और लोग बचाओ–बचाओ चिल्ला रहे थे. हापुड़ रोड पर स्थित जाकिर कॉलोनी गली नंबर आठ में नफ्फो बीबी का आशियाना अब ईंट और रेत के मलबे में तब्दील हो गया है. नफीसा उर्फ नफ्फो के बेटे नईम ने बताया जब ये हादसा हुआ घर में नफ्फो, उनका बेटा साजिद, साजिद की पत्नी सायमा, साजिद का बेटा साकिब, बेटी सानिया, बेटी रिजा, साजिद के भाई नईम की पत्नी अलीशा, अलीशा की बेटी रिम्शा, साजिद का भाई नदीम और उसकी पत्नी फरहाना, साजिद के मामा पप्पू का बेटा सूफियान और दूसरे मामा सरफराज की बेटी मकान में मौजूद थी. चारों तरफ से बचाओ..बचाओं की आवाजें आ रही थीं.इलाके के पार्षद इकराम बालियान ने कहा कि जब वो यहां पहुंचे तो पता चला कि नीचे 11 लोग और कई मवेशी दबे हैं, बच्चे भी हैं. इसके बाद उनके दिल की धड़कनें बढ़ गईं. उन्होंने तुरंत अधिकारियों को फोन मिलाया, जिसके बाद राहत बचाव कार्य शुरू किया गया.

## यूपी में रेल हादसों पर एक्शन में सीएम योगी, अब आरोपियों की खैर नहीं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और आगामी पर्व–त्योहारों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए. बैठक में समस्त मंडलायुक्तजिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (जोन), समस्त पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक (रेंज), पुलिस उप महानिरीक्षक (परिक्षेत्र) मौजूद रहे.बैठक में सीएम योगी ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में देरी भारी पड़ेगी. वहीं, अगर मिथ्या रिपोर्ट लगाई गई, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है. उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी तहसीलों की, मंडलायुक्त जिलों की व्यवस्था की समीक्षा करें. आम आदमी के आवेदन लंबित क्यों हैं, इसकी समीक्षा करें और जवाबदेही तय करते हुए रिपोर्ट अपने वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दें. उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर हर दिन, हर जिले की समीक्षा हो रही है. सभी अधिकारियों की गति. विधियों की सीधी निगरानी हो रही है.। वहीं रेल हादसों पर निर्देश देते हुए कहा, शपिछले कुछ दिनों में रेल पटरियों को क्षतिग्रस्त करने अथवा रेल दुर्घटना की साजिश के संकेत मिले हैं. कुछ लोग पकड़े भी गए हैं. यह अत्यंत गंभीर विषय है. जोन और रेंज स्तर के पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र के जीआरपी और आरपीएफ बल के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें. इंटेलिजेंस बढ़ाएं और इस बड़ी साजिश में संलग्न हर अराजक तत्व के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए.श्उन्होंने कहा कि माताओं–बहनों–बेटियों की सुरक्षा से समझौता स्वीकार नहीं. लव जिहाद, चेन स्नेचिंग, ईव टीजिंग की सूचना पर तत्काल एक्शन होना चाहिए. महिला पुलिस बीट अधिकारियों को एक्टिव रखें. पेट्रोलिंग जारी रखें. ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए. शासन स्तर पर प्रत्येक दिन हर जिले की समीक्षा की जा रही है. जनपदों की हर घटना, हर अधिकारी की गतिविधि की मॉनिटरिंग हो रही है. ऐसा ही प्रयास जोन और रेंज स्तर के अधिकारियों द्वारा अपने प्रभार के क्षेत्र में किया जाना चाहिए. पुलिस कमिश्नर हर दिन डीजीपी को अपने कमिश्नरेट की रिपोर्ट दें.शिकायतकर्ता की सुनवाई की जाए ।

# कफन ओढ़कर बीच सड़क पर लेटा युवक, Reel के लिए किया मौत का नाटक




यूपी की कासगंज से हैरान करने वाला मामला सामने आया, जहां इंस्टाग्राम पर मशहूर होने के लिए एक युवक ने बीच सड़क में मौत का नाटक किया.

सोशल मीडिया पर रील बनाने का नशा युवाओं के सिर पर इतना चढ़कर बोल रहा है कि वो कुछ भी करने से परहेज नहीं कर रहे हैं. कुछ लाइक्स और फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए कभी ये अपनी जान को खतरे में डाल देते हैं तो कभी दूसरे के लिए परेशानी बढ़ा देते है. ऐसा ही मामला यूपी की कासगंज से सामने आया है, जहां एक युवक ने मशहूर होने के लिए मरने का ढोंग किया और बीच सड़क पर लेट गया. ये हैरान करने वाला मामला कासगंज के राज कोल्ड स्टोरेज चौराहे का है. जहां इस युवक इंस्टाग्राम पर रील वायरल करने के लिए सड़क पर मरने का ढोंग किया. वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे वो सड़क पर लाल कपड़ा बिछाकर लेटा हुआ है. यही नहीं उसने ऊपर से सफेद रंग का कपड़ा डाला है और नाक में रुई भी लगाई है.

बीच सड़क पर किया मौत का नाटकयुवक ने सड़क पर पुलिस का बैरियर लगाकर सड़क पर ये रील बनाई ताकि वो मशहूर हो सके. इस बीच युवक को सड़क पर लेटा देख आसपास लोग भी इकट्ठा हो गए और वो उसे ये सब करते हुए देखने लगा. जबकि उसकी साथी सड़क पर लेटे हुए उसका वीडियो शूट करते रहे. इसके बाद ये युवक अर्थी में उठकर बैठ जाता है. उधर सड़क पर बैरियर लगे होने की वजह से लोगों को आने–जाने परेशानी का सामना करना पड़ता है. युवक के बगल से लोग कार, साइकिल, बाइक अन्य वाहनों से गुजरते रहते हैं. लेकिन, कोई उसे वहां से हटाने की कोशिश नहीं करता. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया



जिसमें लेकर कई तरह से सवाल उठ रहे हैं. इस मामले को पुलिस ने भी संज्ञान में लिया है. पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की बात कही है. आरोपी युवक की तलाश की जा रही है. आजकल युवाओं पर रील बनाने का नशा इस कदर हावी हो गया है कि लोग मशहूर होने के लिए कुछ भी करने को तैयार है. ये कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना सामने आई है. कई बार तो लोग रील के चक्कर अपनी जान तक गंवा चुके हैं.

## बरेली में बारावफात के जुलूस में बवाल, हिन्दू पक्ष ने रोका रास्ता, जमकर की नारेबाजी

उत्तर प्रदेश के बरेली में बारावफात यानी ईद मिलादुलन्नबी के जुलूस के रूट को लेकर विवाद हो गया है. जिसके बाद दो संप्रदाय हमने सामने आ गए हैं. जिसके बाद जमकर हंगामा देखने को मिला. जुलूस के दौरान हिन्दू संप्रदाय के लोग रास्ता रोकने के लिए बीच सड़क पर बैठ गए और जुलूस का विरोध करते हुए नारेबाजी की. जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. दोनों पक्षों के बीच घंटों तक तनातनी देखने को मिलीहिन्दू पक्ष ने आरोप लगाया कि ये नई परंपरा डाली जा रही है, इससे पहले सावन में उनकी कांवड़ यात्रा को भी रोकने की कोशिश की गई थी. इसलिए वो भी अब मुस्लिम पक्ष के जुलूस को यहां से नहीं निकलने देंगे. वहीं मुस्लिम पक्ष ने दावा किया कि वो हर साल इसी रास्ते से जुलूस निकालते आ रहे हैं. जिसके बाद दोनों समुदाय के बीच जमकर झड़प हो गई और पुलिसवालों के साथ भी धक्कामुक्की की गई है. बीच सड़क पर बैठीं हिन्दू पक्ष की महिलाएंबताया जा रहा है कि बारावफात के जुलूस में युवक अपने साथ म्यूजिक सिस्टम भी लाए थे. मुस्लिम पक्ष के युवक नवादा में इकट्ठा हुआ और रात आठ बजे से उन्होंने अपना जुलूस निकालने शुरू किया. जब ये जुलूस मौर्य वाली गली की ओर बढ़ा वहीं हिन्दू पक्ष के लोग सड़क पर बैठ गए और उन्होंने रास्ता रोक दिया. हिन्दू पक्ष ने उन्हें वहाँ से निकलने से रोक दिया. हिन्दू पक्ष का आरोप है कि इससे पहले उनकी भी कांवड़ यात्रा को रोका गया था. सावन महीने में उनकी कांवड़ यात्रा को शाह नूरी मस्जिद के सामने से नहीं निकलने दिया गया था. इसलिए वो भी अपनी बारावफात के जुलूस को नहीं निकलने देंगे. हिन्दू पक्ष ने इसे नई परंपरा भी बताया. उन्होंने कहा कि अगर यहां से जुलूस निकाला गया तो वो सामूहिक तौर से यहां से पलायन कर देंगे. इस बीच दोनों पक्षों के बीच घंटों जबरदस्त तनातनी चलती रही और हिन्दू पक्ष की महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की. देर रात तक ये हंगामा चलता रहा. जिसके बाद पुलिस ने बड़ी मशक्कत से दोनों पक्षों को शांत कराया. इस घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर दी गई है.।








# दिल्ली मेट्रो के इन स्टेशनों पर की गलतहरकत तो खैर नहीं! अब सादी वर्दी में तैनात होंगे पुलिसकर्मी

## दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चोरी, उत्पीड़न, मारपीट, पॉकेटमारी, छेड़छाड़ व अन्य अपराधों पर काबू पाने के लिए बड़ा फैसला लिया



दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चोरी, उत्पीड़न, मारपीट, पॉकेटमारी, छेड़छाड़ व अन्य अपराधों पर काबू पाने के लिए बड़ा फैसला लिया है. पुलिस विभाग के फैसले के मुताबिक दिल्ली मेट्रो के 32 संवेदनशील मेट्रो स्टेशनों पर सादे कपड़ों में अपने क्राइम की घटनाओं को रोकने के लिए तैनात किया जाएगा. जिन मेट्रो स्टेशनों पर पुलिकर्मी तैनात करने का फैसला लिया गया है, उनमें कश्मीरी गेट, राजीव चौक, सीलमपुर, आनंद विहार और काल. काजी व अन्य स्टेशन शामिल हैं. दिल्ली पुलिस के अधिकारी के अनुसार पुलिस महकमे ने ऐसे 32 मेट्रो स्टेशनों की पहचान की है, जहां अन्य मेट्रो स्टेशनों की तुलना में अपराध की घटनाएं अधिक होती हैं. दिल्ली पुलिस ने यह कदम 190 मेट्रो स्टेशनों पर आ. पराधिक घटनाओं का ष्समय और स्थानिक विश्लेषणष करने के बाद पुलिस ने उठाया है. बता दें कि हाल के महीनों में राष्ट्रीय राजधानी में यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिसके कारण अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है.

सुरक्षित माहौल मुहैया कराना पहली प्राथकिता



दिल्ली पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) पीयूष गोयल ने कहा, हमारा लक्ष्य यात्रियों के लिए मेट्रो व मेट्रो परिसर के अंदर सुरक्षित माहौल मुहैया कराना है. इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मी आपराधिक गति. विधियों को रोकने और घटनाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया करने के लिए भीड़ के साथ घुलमिल जाएंगे. ताकि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाना संभव हो सके.ष तकनीकी के इस्तेमाल पर जोर वहीं, दिल्ली पुलिस आयुक्त (परिवहन रेंज) विजय सिंह ने कहा कि हमारी प्रा. थमिकता में महिला सुरक्षा सबसे अहम है. सुरक्षा को लेकर महिलाओं की चिंताओं को दूर करने के लिए प्लेटफार्मों और ट्रेनों पर महिला अधिकारियों की मौजूदगी बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है. इसके अलावा, संभावित खतरों की पहचान करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना शामिल होगा. ताकि घटना होने से पहले उसे रोका जा सके.

# हम जनता दल में नहीं हैं, नीतीश कुमार के खास JDU से क्यों हुए नाराज?

## ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए जेडीयू कार्यालय पहुंचे



बिहार सरकार में मंत्री और सीएम नीतीश कुमार के खास माने जाने वाले जेडीयू नेता बिजेंद्र यादव पार्टी से नाराज हो गए हैं. सोमवार (16 सितंबर) को पार्टी कार्यालय में जेडीयू की बैठक थी. इसमें शामिल होने के लिए ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव पहुंचे थे. पार्टी कार्यालय में बैठक से पहले पत्रकार कुछ सवाल कर रहे थे. इस दौरान बिजेंद्र यादव कुछ भी कहने से बचते नजर आए. उन्होंने कहा, ष्कुछ नहीं, हम जनता दल में नहीं हैं.ष इतना कह कर वो मीटिंग में शामिल होने के लिए चले गए.और बयान से पलटे बिजेंद्र यादवहालांकि बिजेंद्र यादव अपने बयान से कुछ ही देर में पलट गए. मीटिंग के बाद बाहर निकलने पर बिजेंद्र यादव ने कहा कि मैंने मजाक में बोला था. जेडीयू में नहीं होने की बात को कहा कि यह सब अफवाह वाली बातें हैं. बिजेंद्र यादव भले बयान को मजाक बता दिया हो लेकिन कुछ देर के लिए सियासी गलियारे में हलचल जरूर तेज हो गई थी.।

**दिल्ली पुलिस ने ईद ए मिलाद उन नबी के अवसर अलग-अलग इलाकों में निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए लोगों से ट्रैफिक गाइडलाइंस का पालन करने की अपील की.**

रइस बात को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने कई इलाकों में रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है. साथ ही लोगों से अपील की है कि वो घर से निकलने से पहले एक बार ट्रैफिक एडवाइजरी जरूर पढ़ लें. ताकि सफर के दौरान ट्रैफिक जाम में फंसने से आप बच सकें.दिल्ली पुलिस ने ईद ए मिलाद उन नबी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए सभी को सलाह दी है कि वो ट्रैफिक गाइडलाइंस का हर हाल में पालन करें. गाइडलाइंस के मुताबिक आज यात्रा का प्लान बनाएं. जुलूस वाले इलाके में घर से बाहर निकलने वाले लोग वैक. ल्पिक मार्ग से होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आगे बढ़ें.सेंट्रल दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी में बताया है ष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को ईद ए मिलाद उन नबी के अवसर पर अलग–अलग इलाकों में जुलूस निकाले जाएंगे.

ईद ए मिलाद उन नबी बाड़ा हिंदू राव (पीएस बाड़ा हिंदू राव) से चौक जामा मस्जिद वाया पहाड़ी धीरज चौक, बाड़ा टूटी, सदर बाजार कुतुब रोड–लाहौरी गेट, खारी बावली–मस्जिद फतेहपुरी कटरा बरियान – फराश खाना लाल कुआं चौक हौज काजी, चावड़ी बाजार, चौक जामा मस्जिद इलाकों में सुबह 11 बजे से जुलूस निकाले जाएंगे.रानी झांसी रोड, बाड़ा हिंदू राव रोड, महाराजा अग. सेन मार्ग, स्वामी विवेकानन्द मार्ग, हरे राम मार्ग, नया बाजार रोड, चर्च मिशन रोड, चांदनी चौक रोड, एसपीएम मार्ग, खारी बावली मार्ग, कटरा बैरियान रोड, नया बांस रोड, लाल कुआं बाजार रोड, चावड़ी बाजार रोड, जामा मस्जिद रोड पर भी भारी ट्रैफिक जाम रहेगा.जुलूस को ध्यान में रखते हुए सेंट्रल दिल्ली के बाड़ा हिंदू राव मार्ग, महाराजा अग्रसेन मार्ग, कुतुब रोड, हरे राम मार्ग, स्वामी विवेकानन्द मार्ग, कटरा बैरियान रोड, लाल कुआं हमदर्द रोड, चावड़ी बाजार और आसपास के क्षेत्र में यातायात प्रतिबंधित रहेगा.दिल्ली पुलिस के मुताबिक इसी तरह दिल्ली के अन्य इलाकों में भी जुलूस निकाले जाएंगे. वहां के लिए भी रूट डायवर्जन प्लान ट्रैफिक पुलिस ने जारी किए हैं. ताकि किसी को कोई परेशानी न हो. अगर आप का भी दिल्ली में आज सफर का प्लान है तो एक बार ट्रैफिक एडवाइजरी जरूर पढ़ लें.

ईद ए मिलाद उन नबी क्या है?
इस्लामिक परंपरा में ईद ए मिलाद उन नबी को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है. आज (16 सितंबर) को इसे देशभर में मनाया जा रहा है. इसे हर साल रबी–उल–अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है. यह वही शुभ दिन है, जब पैग. बर मुहम्मद का जन्म हुआ था.

# दिल्ली में डेंगू से इस साल की दूसरी मौत, अभी तक 650 से ज्यादा मामले आए सामने

देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर डेंगू सबको डराने लगा लगा है. इस मानसून में मच्छर जनित बीमारी के मामलों में तेजी से इजाफे के संकेत मिलने लगे हैं. सोमवार (15 सितंबर) को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में एक डेंगू से मरीज की मौत की दूसरी घटना सामने आई. इससे पहले रविवार (14 सितंबर) को लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में डेंगू से पहली मौत दर्ज की गई थी.लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्पीटीआई–भाषाश को बताया कि पिछले सप्ताह अस्पताल में डेंगू के कारण 54 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई. पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर निवासी शख्स को 27 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. एलएनजेपी अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार आठ सितंबर को डेंगू से पीड़ित शख्स को मृत घोषित कर दिया गया था, जिसकी आधिकारिक घोषणा रविवार को की गई. 2023 में 9266 मामले आए थे सामने दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार साल 2024 में राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के 650 से अधिक मामले अब तक सामने आए हैं. वर्ष 2023 में दिल्ली में डेंगू के 9,266 मामले सामने आए थे और 19 मौतें दर्ज की गई थीं. पिछले वर्ष जी–20 शिखर सम्मेलन से पहले नगर निगम ने डेंगू के मामलों और मौतों पर साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करना बंद कर दिया था. डेंगू के लक्षण बता दें कि डेंगू का सबसे महत्वपूर्ण लक्षण तेज बुखार होता है, जो दो दिनों से अधिक समय तक रहता है. अधिकांश मामलों में बुखार 104 डिग्री फारेनहाइट के बाद ही कम होता है. अगर इस तरह का तेज बुखार होता है, तो संभवत: डेंगू इसका कारण हो सकता है. इसके अलावा, आपकी त्वचा पर खुजली वाले लाल धब्बे भी इसके संकेतक होते हैं, जो पूरे शरीर में फैल सकते हैं. मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, गंभीर सिरदर्द, उल्टी और जी मिचलाना, मसूड़ों और नाक से खून आना भी इसके लक्षणों में शामिल हैं. डेंगू बुखार से पीड़ित अधिकांश रोगियों को लगातार जी मिचलाना और उल्टी होती है. लंबे समय तक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल असुविधा का डेंगू का संकेत हो सकता है.

# बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर महिला पैरा लीगल वालंटियर से ठगी, पीड़िता ने पुलिस से की मदद की गुहार



मैनपुरी में बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर महिला पैरा लीगल वालंटियर से ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर एक महिला पीएलवी से 80 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। आरोपी गांव विनायकपुर का रहने वाला है। रुपये वापस मांगने पर पीड़िता को धमकाया। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।कुर्रा थाना क्षेत्र में तैनात पैरा लीगल वालंटियर पूनम ने सोमवार को थाने में तहरीर दी। पुलिस को बताया कि करीब एक साल पहले गांव विनायकपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे बैंक में नौ. करी लगवाने का झांसा दिया। कहा कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। इसके लिए 80 हजार रुपये देने होंगे। पूनम उसकी बातों में आ गई और रुपये दे दिए। आरोप है कि उसके आधार कार्ड, स्कूल संबंधी दस्तावेज भी ले लिए गए। जब काफी समय बीतने के बाद भी नौ. करी नहीं तो पूनम ने अपने रुपये वापस मांगे। जिस पर आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। धमकी दी कि अगर दोबारा रुपये मांगे तो इस नौकरी से भी हाथ धो बैठेगी। परेशान पीएलवी पूनम ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# वृंदावन में एक और नई पार्किंग का होगा निर्माण



मथुरा वृंदावन के परिक्रमा मार्ग और पानीगांव लिंक रोड के बीच में मथुरा–वृंदावन विकास

मथुरा। वृंदावन के परिक्रमा मार्ग और पानीगांव लिंक रोड के बीच में मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) ने कई माह की तलाश के बाद पार्किंग के लिए जमीन चिन्हित की है। मंडलायुक्त के निर्देश पर यहां अवस्थापना निधि से पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। एमवीडीए ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।मथुरा–वृंदावन के मार्गों पर लगातार वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। लाखों की संख्या में प्रतिदिन आ रहे श्रद्धालुओं के वाहनों के सापेक्ष पा. र्किंग स्थल नाकाफी हैं। यही कारण है कि मार्गों को पार्किंग के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इससे प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर में लगने वाले जाम और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंडलायुक्त के निर्देश पर छह माह से अधिक समय से एमवीडीए द्वारा पार्किंग के लिए वृंदावन में जमीन की तलाश कर रहा था। इसमें उसे सफलता मिल गई है।

वृंदावन परिक्रमा मार्ग और पानी गांव लिंक रोड से लगी करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन पार्किंग लिए चिन्हित की है। इसमें एमवीडीए द्वारा एक हजार कार खड़ी करने की क्षमता की पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पार्किंग का निर्माण अवस्थापना निधि से दो करोड़ से अधिक धनराशि से होगा। पार्किंग और उसके समीप पेयजल और आधुनिक सुविधाओं से लैस शौचालय का निर्माण किया जाएगा। नई पार्किंग बनने से वृंदावन के परिक्रमा मार्ग और शहर में वाहनों का दबाव कम होगा साथ ही जाम से निजात मिल सकेगी। पिछले दिनों मथुरा आईं मंडलायुक्त रितु महेश्वरी ने एमवीडीए और नगर निगम को पार्किंग के लिए जमीन तलाशने और चिह्नित करने के निर्देश दिए थे।मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि वृंदावन में यमुना एक्सप्रेस की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग का निर्माण जल्द शुरु किया जाएगा। इससे श्रद्धालु वृंदावन में प्रवेश करने से पहले ही अपने वाहनों को सुरक्षित खड़े कर सकेंगे।

# घर की छत से मारी गोली, हत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो उड़े होश

यूपी के मेरठ में कत्ल की एक ऐसी कहानी लिखी गई कि जिसे सुनकर किसी का भी कलेजा कांप उठेगा. जिसने बचपन में उंगली पकड़कर चलना सिखाया था उन्होंने हाथों ने जान ले ली. कत्ल की वजह भी ऐसी कि हर कोई हैरान रह गया कि कैसे एक पिता अपने ही बेटे की जान ले सकता है. अपने बेटे के ही खून से उसके हाथ रंग गए. मामला मेरठ के रोहटा थाना इलाके के मिर्जापुर गांव का है. 12 सितंबर को घर में युवक प्रवेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई. युवक के पिता नंद किशोर ने शोर मचाया कि छत से किसी ने गोली चलाई है और मेरे बेटे की हत्या कर डाली. घर के आंगन में हुए इस कत्ल ने पुलिस की नींद उड़ा दी थी. कैसे कोई घर की छत तक पहुंचा और उसकी जान लेकर चला गया.



पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से मिला सुराग पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कत्ल की ये गुत्थी सुलझने के बजाय उलझती ही जा रही थी. कातिल इतना शातिर था कि उसने कोई सुराग नहीं छोड़ा और बड़ी प्लानिंग के साथ वारदात को अंजाम दिया. युवक प्रवेश कुमार के कत्ल का खुलासा करना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन जब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट सामने आई तो पुलिस भी हैरान रह गई, पता चला कि गोली बेहद पास से मारी गई थी. इसके बाद पुलिस ने कातिल को गांव में ढूंढने के बजाय घर में ही ढूंढने की तैयारी कर की. सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो तस्वीर और साफ हो गई. पुलिस के लिए यकीन करना मुश्किल हो रहा था, लेकिन सुबूत जहां इशारा कर रहे थे वहां पुलिस को कदम बढ़ाने ही पड़े और आखिरकार राजफाश हो गया. पिता ने खोला हत्या का राजपु. लिस का शक प्रवेश कुमार के पिता नंदकिशोर पर जाकर टिक गया. पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो वो टूट गए. उन्होंने बताया कि बेटे ने उनका जीना हराम कर रखा था. पुराना मकान बेचा था और उससे जो रकम आई उसे बेटा प्रवेश गलत तरीके से और गलत कामों में बर्बाद कर रहा था. कई बार विरोध किया तो मारने पीटने की नौबत तक आने को तैयार रहता था. ज्यादा बात बिगड़ी तो तमंचा तानकर गोली मारने की धमकी देने लगा था. पिता ने कहा कि उसके बाद उनके सामने कोई रास्ता नहीं बचा, जिसके बाद बेटे पर ही गोली चला दी और शोर मचाया कि छत की तरफ से गोली चलाई गई है. इस घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि इस मामले में आरोपी नंद किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है. हत्या में इस्तेमाल तमंचा भी बरामद हो गया है. पिता ने बेटे की हरकतों से तंग आकर इस वारदात को अंजाम दिया. खून से सने कपड़े और तमंचे को घर में ही छिपाया था, जिन्हें बरामद कर लिया गया है.

# बारावफात के जुलूस में हादसा, बिजली का तार छूने से डीजे में उतरा करंट, युवक की मौत, दो लोग झुलसे

## शाहजहांपुर के बंडा में सोमवार को बारावफात के दौरान हादसा



बारावफात के जुलूस में हादसारू बिजली का तार छूने से डीजे में उतरा करंट, युवक की मौत, दो लोग झुलसेशाहजहांपुर के बंडा में सोमवार को बारावफात के दौरान हादसा हो गया। जुलूस में शामिल ट्रैक्टर–ट्रॉली पर रखे डीजे से बिजली का तार छू गया, जिससे ट्रैक्टर–ट्रॉली में करंट उतर आया। इससे एक युवक की मौत हो गई। दो लोग झुलस गए ।शाहजहांपुर के बंडा क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी (बा. रावफात) के जुलूस में शामिल ट्रैक्टर–ट्रॉली में रखा डीजे से हा. ईटेंशन लाइन का तार छूटने से करंट उतर आया। ट्रॉली में बैठे तीन लोग झुलस गएइनमें एक युवक को सीएचसी में मृत घोषित कर दिया गया। दो लोगों का उपचार चल रहा है ।बंडा में सोमवार को बारावफात पर जुलूस निकल रहा था। जुलूस में मोहल्ला मुरादपुर का नजीर (45) भी शामिल था। वह कई लोगों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार था। ट्रॉली में रखा डीजे ऊपर से निकली बिजली की लाइन से छू गया। इससे ट्रॉली में करंट उतर आया। हादसे में नजीर समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। आननफानन सभी लोगों को सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी में नजीर को मृत घोषित कर दिया गया ।अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी होने पर एसडीएम संजय कुमार पांडेय व सीओ पंकज पंत मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लिया।




## पीसी बागला कॉलेज में एम.कॉम की सीट भरीं, एमए व एमएससी की सीट खाली

हाथरस | पीसी बागला डिग्री कॉलेज में एम.कॉम में सभी 60 सीटों पर विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। एमए की करीब 540 सीटों के सापेक्ष अभी करीब 520 सीटों पर प्रवेश लिया है ।हाथरस के पीसी बागला डिग्री कॉलेज में परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज में एम.कॉम की सीटें भर चुकी हैं। एमए व एमएससी की प्रवेश की सीट अभी खाली हैं ।शहर के प्रमुख कॉले. जों में परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में पीसी बागला डिग्री कॉलेज में एम.कॉम में सभी 60 सीटों पर विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। एमए की करीब 540 सीटों के सापेक्ष अभी करीब 520 सीटों पर प्रवेश लिया है। अभी विद्यार्थी एमए में प्रवेश ले सकते हैं। एमएससी में प्रवेश के लिए कुल 150 सीट हैं। इसके सापेक्ष अभी तक एमएससी जुंतु विज्ञान में सभी 30 सीटों प्रवेश लिया जा चुका है। अन्य विषयों में भी सीट खाली हैं। करीब 96 विद्यार्थियों ने ही एमएससी में प्रवेश लिया है ।कॉलेज में एम.कॉम की सीटें भर गई हैं। एमए व एमससी में जो सीट खाली हैं उनपर प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। कॉलेज में एम.कॉम की सीटें भर गई हैं।

## इच्छाओं को बस में करना ही उत्तम त्याग धर्म-मुनि अनुकरण सागर

दशलक्षणपर्व के आठवें दिन रविवार को उत्तम त्याग धर्म पर खिरनी गेट स्थित श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगंबर जैन ट्रस्ट मंदिर में श्रीजी का श्रावकों ने अभिषेक शांतिधारा ,पूजन सांगनेर से पधारे आचार्य संस्कार शास्त्री के निर्देशन मे संपन्न हुई । बाग वाले मंदिर जी में मुनि अनुकरण सागर जी ने उत्तम त्याग धर्म पर अर्थ बताते हुए कहा की त्याग शब्द से ही पता चल जाता है छोड़ना जीवन को संतुष्ट बनाकर अपनी इच्छाओं को वश में करना ही उत्तम त्याग है हमें त्याग व दान करते रहना चाहिए दान चार प्रकार का होता औषधी दान शास्त्र दान अभय एवं आहारदान। निर्धन की सहायता का धन का सदुपयोग किया जा सकता है । त्याग के दो रूप हैं एक सर्वस्व और दूसरा अंश। जो सर्वस्व को त्यागता है वह साधु होता है सर्वस्व में धन संपत्ति घर परिवार तो है ही शरीर का मोह भी छूटता है सब त्यागने के बाद हम अपने आपसे संबंध जोड़ पाते हैं आप गृहस्थ हो गृहस्थ सर्वस्व त्याग नहीं कर सकता उसके लिए उसकी गलती है। उसके ऊपर स्वयं का परिवार का कुटुंब का समाज का और देश का बहुत बड़ा दायित्व है होता है ।जब व्यक्ति त्याग की भावना को खुद में विकसित कर पाता है, तो वह अपनी आत्मा को शुद्ध बनाता है। इच्छाओं का त्याग करने से व्यक्ति कई तरह के बुरे कर्मों को करने से बच जाता है और उसके कई बुरे कर्मों का नाश भी होता है। जैन धर्म में त्याग का विशेष महत्व है। जैन मुनि सिर्फ अपना घर या सांसारिक मोह–माया ही नहीं, बल्कि अपने कपड़ों तक का भी



त्याग कर देते हैं और पूरा जीवन दिगंबर मुद्रा धारण करके व्यतीत करता है ।शाम को आरती, प्रवचन एवं दिगम्बर जैन महासमिति ईकाई संख्या 1 द्वारा मेधावी छात्र छात्रा अलंकरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्ले ग्रुप से 11वीं कक्षा तक छात्र छात्रो का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वप्निल जैन ,प्रिया जैन प्रबंध निदेशक पावना ग्रुप एवं प्रायोजक सुनील जैन ,अपूर्व जैन ,

ईशू जैन वेगा लॉक्स, कु.सलोनी जैन सी. ई. ओ. एवं फाउंडर विद्यामय एजुकेशन फाउंडेशन पुत्री सुरजीत जैन पाटनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के प्रायोजक ने सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का माला शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशुल जैन ,नरेश कुमार जैन,अर्चना जैन ,मोना जैन ने किया। आभार सुरेश कुमार जैन गढी अध्यक्ष ने किया। राजीव जैन , नीरज जैन ,पंकज जैन ,मुनेश जैन,राजीव पाटनी ,राजेश जैन ,पवन जैन , शैलेंद्र कुमार जैन , डॉ पी.के.जैन, हेमंत जैन ,अनिल जैन ,अतुल जैन ,संजय जैन ,संजीव पाटनी,राजीव जैन गढी मनोज जैन उपस्थित रहे।

## सादाबाद नगर पंचायतरू चप्पे-चप्पे पर रहेगी खुफिया नजर, 12 नए सीसीटीवी कैमरे लगेंगे



### नगर में आमजन की सुरक्षा के लिहाज से चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

सादाबाद के तहसील मोड़, आनंद नगर तिराहा, डाकखाना रोड, स्टेट बैंक के सामने सहित चार स्थानों पर तीन–तीन की संख्या में 12 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनके जरिए नगर की हर गति. विधि पर नजर रहेगी। नगर पंचायत द्वारा नगर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। चार नए प्रमुख स्थानों पर 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन जरिए नगर के चप्पे–चप्पे पर खुफिया नजर रखी जाएगी। नगर पंचायत कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा ।कस्बा में आगरा चुंगी, चौ. चरण सिंह प्रतिमा स्थल, रोडवेज बस स्टैंड नया पुल, विनोवा नगर चौराहे, सुभाष गली चौराहे समेत 23 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इन सभी कैमरों का कंट्रोल रूम नगर पंचायत दफ्तर में बना है। अब नगर में कैमरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। नगर के तहसील मोड़, आनंद नगर तिराहा, डाकखाना रोड, स्टेट बैंक के सामने सहित चार स्थानों पर तीन–तीन की संख्या में 12 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनके जरिए नगर की हर गतिविधि पर नजर रहेगी ।नगर में आमजन की सुरक्षा के लिहाज से चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जल्द ही यह काम शुरू किया जाएगा।

## अलीगढ़ के खैर में युवती के अपने परिजन और भाई पर लगाए आरोप पर सीओ वरूण सिंह बोले



**अलीगढ़** के कस्बा खैर में एक युवती की सोशल मीडिया पर वीडियो खासी वायरल हो गई। युवती ने दूसरे संप्रदाय से जुड़े युवक से प्यार होने व परिजनों के शादी के लिए तैयार न होने और घर में बंधक बना लेने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगायी है। युवती ने खुद की हत्या होने तक की आशंका जतायी है। हालांकि युवती के परिजनों ने किसतरह की आ. पत्ति न होने की बात कही तो युवती ने भी दूसरी वीडियो में परिवार से कोई दिक्कत नहीं होने की बात कही है।

## दरोगा ने मारा थप्पड़ तो सुनाई देना बंद हो गया

गांव हुसेपुर निवासी लकड़ी ठेकेदार बबलू को शनिवार को थाने के एक दरोगा ने ऐसा थप्पड़ मारा कि उसके एक कान से सुनाई देना बंद हो गया। परिवार वाले उसका इलाज करा रहे हैं। पीड़ित ने सोमवार को एसएसपी से मिलकर शिकायत करने की बात कही है ।बबलू के अनुसार वह श्रीनिवास के साथ लकड़ी की ठेकेदारी करते हैं। बारिश और आंधी में लक्ष्मण सिंह नेता की जगह पर खड़ा पीपल का पेड़ गिर गया था। उन्होंने उस पेड़ को काटकर बेचने और मजदूरी काटकर बचे रुपये किसी मंदिर में दान करने की बात कही। इस पर दोनों ने शनिवार को दिन भर पेड़ को काटा। शाम में ट्रैक्टर में लादकर लकड़ी बेचने कौड़ियागंज जा रहे थे ।तेहरा मोड़ पर चेकिंग कर रहे एक दरोगा ने रोककर पांच हजार रुपये मांगे। रुपये देने से इंकार करने और ट्रैक्टर को थाने में बंद करने की बात कहने पर दरोगा ने उनके कान के पास जोरदार थप्पड़ मारा। इससे कान में सुनाई देना बंद हो गया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी शत्रुघ्न सिंह ने मामला संज्ञान में होने से इंकार किया। कहा कि शिकायत आने पर जांच कराई जाएगी।

## तालाब में डूब कर युवक की मौत, परिवार में छाया मातम



आकाश भैंस को पकड़ कर ला रहे थे। भैंस तालाब में घुस गई, उसे पकड़ने के लिए वह तालाब में गहरे पानी घुस गए। संतुलन बिगड़ने पर गहरे पानी में डूब गया ।सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरथा ईसेपुर में 16 सितंबर दोपहर को भैंस को ले जाते वक्त तालाब में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया ।27 वर्षीय आकाश पुत्र खेमकरन सिंह गांव नौरथा ईसेपुर मकान के पास से भैंस को पकड़ कर ला रहे थे। इसी दौरान भैंस तालाब में घुस गई, उसे पकड़ने के लिए वह तालाब में गहरे पानी घुस गए। संतुलन बिगड़ने पर गहरे पानी में डूब गया। युवक को डूबता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे की बाद मुश्किल उन्हें निकाला गया। सूचना मिलने पर एसडीएम धर्मेंद्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। युवक को सीएचसी लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बासमती चावल निर्यात में वृद्धि के लिए रसायनों पर प्रतिबंध

## वर्ष 2020–21 की तुलना में वर्ष 2021–22 में बासमती चावल के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट आई



एपीडा ने उत्तर प्रदेश की विरासत बासमती उपज को बचाने और अन्य देशों को बासमती चावल के बाधा मुक्त निर्यात को सुनिश्चित करने के लिए इन कीटनाशकों पर पाबंदी लगाने का अनुरोध किया है। बासमती धान की फसल पर छिड़काव किए जाने वाले 10 निर्धारित कीटनाशकों के विक्रय, वितरण और प्रयोग पर रोक लगा दी गई है। अलीगढ़ के जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल ने बताया कि 10 रसायनों के प्रयोग के कारण चावल के दानों में अधिक कीटनाशक अवशेषों का जोखिम है, इसलिए सरकार ने ट्राईसाइ. क्लाजोल और बुप्रोफेजिन के सुरक्षित और प्रयोग के लिए वैक. ल्पिक कीटनाशकों के प्रयोग की संस्तुति की गई है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने भी जानकारी दी है कि यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और खाड़ी देश जैसे आयात करने वाले देशों में कीटनाशकों के अधिकतम अवशेष स्तर के कड़े मानक के कारण बा. समती चावल के निर्यात को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2020–21 की तुलना में वर्ष 2021–22 में बासमती चावल के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। एपीडा ने उत्तर प्रदेश की विरासत बासमती उपज को बचाने और अन्य देशों को बासमती चावल के बाधा मुक्त निर्यात को सुनिश्चित करने के लिए इन कीटनाशकों पर पाबंदी लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि जिले में बासमती चावल में कीटनाशक ट्राईसाईकला जोल, बुप्रोफेजिन, एसीफेट, कलोरपाइ. रीफोस, हेकसाकोनो जोल, प्रोपिकोना जोल, थायोमेथा कसाम, प्रोफेनेफॉस, इमिडाकलोप्रिड, कार्येणडाजिम को प्रतिबंधित किया गया है। इन कीटनाशकों के सभी प्रकार के फार्मूलेशन की बिक्री, वितरण और प्रयोग पर रोक लगा दी है, ताकि गुणवत्तायुक्त बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि की जा सके।

## आम आदमी की जेब हुई ढीली, घरेलू बाजार में 15 रुपये लीटर तक महंगा हुआ खाद्य तेल

थोक कारोबारियों ने बताया कि दीपावली के बाद इस महंगाई से निजात मिल सकती है, क्योंकि नेपाल, बांगलादेश और श्रीलंका से तेल भारतीय बाजार में आ जाएगा।केंद्र सरकार द्वारा खाद्य तेल पर सीमा शुल्क बढ़ाए जाने से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें बढ़ गई हैं। इसमें करीब 10 से 15 रुपये प्रति लीटर तक का उछाल आया है। यह बढ़ोतरी सूरजमुखी, पाम व सोयाबीन के तेल पर हुई है। सरकार ने रिफाइंड तेल पर सीमा शुल्क को 12.5 से बढ़ाकर 32.5 फीसदी कर दिया है। त्योहारी सीजन ये तेजी 20 रुपये प्रति लीटर या इससे अधिक भी पहुंच सकती है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अलीगढ़ के थोक बाजार महावीर गंज में रिफाइंड व अन्य खाद्य तेलों पर 10 से 15 रुपये प्रति लीटर की तेजी देखी गई। जानकारों की मानें तो सरकार ने पाम, सोया व सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 27.5 फीसदी कर दिया है। वहीं रिफाइंड खाद्य तेलों पर ये शुल्क 13.75 फीसदी से बढ़ाकर 35.75 फीसदी कर दिया है। जिसके कारण बाजार में तेजी आ गई है। जानकारों की मानें तो कई व्यापारियों के पास अभी तेल और रफाइंड का पुराना स्टॉक है। उन्हें मुनाफा होगा। वहीं बारिश के कारण किसानों की सोया, मूंगफली, सरसों, कपास आदि की फसल खराब हो गई हैं।सरकार द्वारा खाद्य तेलों पर सीमा शुल्क बढ़ाया गया है। जिसके रिफाइंड, पाम, सूरजमुखी जैसे तेलों पर 10 रुपये की तेजी आ गई है। दिवाली तक इसके दाम और भी बढ़ सकते हैं।



आम आदमी की जेब पर एक बार फिर से सरकार ने बोझ बढ़ा दिया। त्योहारी सीजन में वैसे ही खर्चे बढ़ जाते हैं। सरकार को महंगाई कम करने पर जोर देना चाहिए।–हेमा शर्मा।दिवाली के बाद मिल सकती है राहत थोक कारोबारियों ने बताया कि दीपावली के बाद इस महंगाई से निजात मिल सकती है, क्योंकि नेपाल, बांगलादेश और श्रीलंका से तेलभारतीय बाजार में आ जाएगा। करार के अनुसार इन देशों में तेल पर कोई ड्यूटी नहीं लगती। ये तेल दिवाली के बाद बाजार में आ जाएगा। जिसके बाद भाव कम हो सकता है। जिन देशों से करार नहीं है, वहां से तेल आने पर इस कर बढ़ोत्तरी का असर हो रहा है। सरकार के इस फैसले से खाद्य तेलों पर 10 से 15 रुपये प्रतिलीटर तेजी आ गई

| खाद्य तेल | सात दिन पहले | अब |
|---|---|---|
| रिफाइंड | 103रुपये | 118रुपये |
| पाम ऑयल | 100 रुपये | 110रुपये |
| सूरजमुखी | 114रुपये | 125रुपये |

प्रति लीटर के हिसाब से हैं।




### हाथरस किला परिसर 10 साल पहले 50 अवैध मकान थे, अब 300 बन गए, छह माह में आठ एफआईआर, नहीं रुके कब्जे



अवैध निर्माण की सूचना देने के लिए पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से यहां केयर टेकर भीनियुक्त किया गया। उनकी तरफ से लगातार अवैध निर्माणों की सूचना प्रशासन और पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को दी जाती रही, लेकिन प्रशासन इस सिलसिले को रोक नहीं पाया।हाथरस के ऐतिहासिक किला परिसर में अवैध निर्माणों की रोकथाम में पुरातत्व लगातार एफआईआर दर्ज कराई गई हैं।

सर्वेक्षण विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह नाकाम है। 10 साल पहले इस परिसर में 50 अवैध मकान बने थे। वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर 300 हो चुकी है। यह हाल तो तब है, जब अवैध निर्माण करने वालों पर पिछले छह महीने में संरक्षित जमीन पर आठ अवैध निर्माण चिन्हित हो चुके हैं। निर्माण करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है।

बावजूद इसके कब्जों का सिलसिला रुक नहीं रहा। किला राजादयाराम के नाम से पहचाने जाने वाले इस ऐतिहासिक किले के परिसर में 10 साल पहले हुए निर्माणों पर जब प्रशासन की नजर पड़ी तो यहां अवैध कब्जों की रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए।अवैध निर्माण की सूचना देने के लिए पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से यहां केयर टेकर भी नियुक्त किया गया। उनकी तरफ से लगातार अवैध निर्माणों की सूचना प्रशासन और पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को दी जाती रही, लेकिन प्रशासन इस सिलसिले को रोक नहीं पाया। अब तक इस परिसर में करीब 300 अवैध निर्माण हो चुके हैं, लेकिन इन्हें हटवाने के लिए प्रशासन कतई गंभीर नहीं है।नोटिस के साथ दर्ज हो रहीं एफआईआर एफआईआर दर्ज होते ही तेज हो जाता है निर्माण आसपास के लोगों का कहना है कि किला परिसर में बनाए जाने वाले अवैध निर्माण के खिलाफ जैसे ही पुरातत्व विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज कराई जाती है, वैसे ही मकान तैयार कराने की गति को और तेज कर दिया जाता है। मकान पूरा होने के बाद कागजी कार्रवाई चलती रहती है और एक और नया मकान तैयार करने की तैयारी शुरू हो जाती है पुरातत्व विभाग की ओर से लगातार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। लगातार मकान बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही हैं वैसे ही मकान तैयार कराने की गति को और तेज कर दिया जाता है। मकान पूरा होने के बाद कागजी कार्रवाई चलती रहती है और एक और नया मकान तैयार करने की तैयारी शुरू हो जाती है। पुरातत्व विभाग की ओर से लगातार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। नए मकान का निर्माण शुरू होने के साथ ही नोटिस दिया जाता है। नो. टिस की एक प्रति जिला प्रशासन को दी जाती है। लगातार मकान बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही हैं।

## जांच अधर में, 121 छात्रों का भविष्य मझधार में, खेल कोटे से होना है दाखिला



एएमयू में खेल कोटे से अलग–अलग पाठ्यक्रमों में 121 खिलाड़ियों का दाखिला जांच अधर में लटक गया है। इससे इन खिलाड़ियों का भविष्य में मझधार में फंसता नजर आ रहा है। 5 सितंबर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगने से इंतजामिया ने प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी।खेल कोटे से प्रवेश प्रक्रिया 20 अगस्त से शुरू हुई थी। खेल विशेषज्ञों से लेकर प्रा. `फेसरों ने भी प्रवेश के इच्छुक खिलाड़ियों को ग्रेडिंग दी थी। ग्रेडिंग और चयन प्रक्रिया पर धांधली का आरोप लगा दिया गया, जिसको लेकर खिलाड़ियों ने खूब हंगामा भी किया। इसके बाद 28 अगस्त को प्रवेश प्रक्रिया रोक दी गई, जबकि 5 सितंबर को प्रवेश की तिथि निर्धारित की गई थी। 1 अगस्त से विवि में पढ़ाई शुरू चुकी है।हालांकि, इसके बाद जांच कमेटी गठित कर दी गई। परिसर में चर्चा है कि जांच में देरी की वजह ग्रे. डंग देने वालों को बचाना है। गेम्स कमेटी के सचिव प्रो. सैयद अमजद रिजवी ने बताया कि इस मामले में कमेटी जांच कर रही है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. मुजीबउल्लाह जुबैरी ने बताया कि जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ ( रजिस्टर्ड )द्वारा आयोजित वार्ष्णेय प्रीमियर लीग vpl 17 सितम्बर से

वार्ष्णेय, युवा संगठन , महानगर अलीगढ (रजिस्टर्ड ) द्वारा वार्ष्णेय, प्रीमियर लीग अचस का शुभारम्भर्धमसमाजमहाविद्यालय क्रीडा स्थल , जी टी रोड , अलीगढ पर 17 सितम्बर 2024 से प्रारम्भ होने जा रहा है ।वार्ष्णेय, युवा संगठन महानगर अलीगढ (रजिस्टर्ड ) के उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि हमारा संगठन समाज सेवा मे हमेशा अग्रणी भूमिका मे रहा है साथ ही साथ हमारे संगठन के सभी परिवार क्रिकेट के साथ मनोरंजन की भावना लेकर क्रिकेट के मैदान मे उतरने को लालायित हैं । युवाओं मे क्रिकेट फीवर को देखते हुए संगठन द्वारा पहली बार क्रिकेट लीग का शुभारम्भ किया जा रहा है । इस वार्ष्णेय, प्रीमियर लीग अचस का शुभारम्भ 17 सितम्बर 2024 दिन मंगलवार से धर्म समाज महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर प्रातः 6 बजे से किया जा रहा है ।विदित रहे पहले यह क्रिकेट लीग 12 सितम्बर से प्रारम्भ होने वाली थी लेकिन पिछले दिनों भारी वारिश होने के कारण यह क्रिकेट लीग स्थगित करनी पड़ी थी जो अब 17 सितम्बर को होगी । वार्ष्णेय युवा संगठन के उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार इस टूर्नामेंट मे 6 टीमे भाग लेंगी । प्रत्येक मैच मे मेन ऑफ द मैच , बेस्ट फील्डर , बेस्ट हिटर , बेस्ट बॉलर के साथ बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट , विनर ट्राफी रनर अप ट्राफी पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रमुख समा. जसेवी बिल्डर अनिल गुप्ता वृन्दावन वाले का सानिध्य सभी क्रिकेट प्रेमियों का हौसला बढ़ायेगा । इस क्रिकेट लोग को सफल बनाने के लिए नितिन घुट्टी , विष्णु भैया , आकाशदीप वार्ष्णेय एडवो. केट , धनंजय ज्वेलर्स , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , मनोज गुप्ता लकी , रोहित पीतल , गौरांग वार्ष्णेय, सुमित एडमिन , युगल वार्ष्णेय, मनीष वार्ष्णेय , विपिन वार्ष्णेय , समीर वार्ष्णेय सर , आशु गुप्ता गैस, हिमांशु एन के विकास वार्ष्णेय, सोनू वार्ष्णेय, तरुण वार्ष्णेय आदि तैयारियों मे लगे हुए हैं ।

## AMU: 71 साल में हिंदी विभाग के 21 अध्यक्ष बने, एक भी महिला नहीं, 2025 में ऐसे टूटेगा यह रिकॉर्ड



अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के 71 साल के इतिहास में 21 अध्यक्ष बने। मगर इनमें एक भी महिला नहीं है। वर्ष 1948 में संस्कृत विभाग के जिम्मे हिंदी की पढ़ाई थी। पहले विभाग का नाम संस्कृत–हिंदी विभाग था। वर्ष 1964 में हिंदी विभाग स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आया।हिंदी विभाग के पहले अध्यक्ष प्रो. हरबंश लाल शर्मा थे, जिनका कार्यकाल वर्ष 1953 से 1974 तक रहा। इनके बाद प्रो. गोवर्धन नाथ, प्रोशिवशंकर शर्मा राकेश, प्रो. प्रेम स्वरूप गुप्त, प्रो. गिरिधारी लाल शास्त्री, प्रो. नजीर मो. हम्मद, प्रो. विश्वनाथ शुक्ल, प्रो. रवींद्र भ्रमर, प्रो. कुंवर पाल सिंह अध्यक्षबने।फिर प्रो. शैलेश जैदी, प्रो. शिवकुमार शांडिल्य, प्रो. कृष्णमुरारि मिश्र, प्रो. अजब सिंह, प्रो. उदयशंकर श्रीवास्तव, प्रो. प्रदीप कुमार सक्सेना, प्रो. एम. एहतिशाम जुबैरी, प्रो. रमेश चंद्र शर्मा, प्रो. आरिफ नजीर, प्रो. अब्दुल अलीम, प्रो. रमेश चंद के हाथों विभाग की कमान रही। वर्तमान में प्रो. आशिक अली विभाग की बागडोर संभाल रहे हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. आशिक अली ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रो. तस्नीम सुहैल विभागाध्यक्ष बनेंगी।2025 में टूटेगा रिकॉर्ड 71 साल से हिंदी विभाग के अध्यक्ष पुरुष प्रोफेसर बन रहे हैं, जिसका रिकॉर्ड अप्रैल 2025 में टूटेगा। पहली महिला विभागाध्यक्ष होने का रिकॉर्ड प्रो. तस्नीम सुहैल बनाएंगी।

**हिंदी विभाग में पाठ्यक्रम**

हिंदी विभाग ने वर्ष 2012 में एमए हिंदी अनुवाद भी शुरू किया है। स्नातक, पीएचडी हिंदी, पीएचडी हिंदी अनुवाद, एमए हिंदी, एमए हिंदी अनुवाद, पीजीडीटी (हिंदी अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा), हिंदी में बीए (ऑनर्स)।